बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-55
18/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर जिले में ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना की

- मुख्यमंत्री ने बक्सर जिला अतिथि गृह के परिसर में प्रस्तावित अतिरिक्त अतिथि गृह भवन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास।

पटना, 18 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में बक्सर जिले में ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर मंदिर प्रांगण स्थित तालाब का निरीक्षण किया। पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, मंदिर प्रांगण स्थित तालाब का जल निकासी, प्रस्तावित ऑब्जरवेशन डेक एवं घाट, एंट्री गेट, रिनोवेशन ऑफ ओल्ड टॉयलेट सहित मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु किये जानेवाले कार्यों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर में श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास का कार्य बेहतर ढंग से कराए ताकि यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को स्नान, पूजा–अर्चना आदि में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर के बाहरी और अंदरूनी हिस्से का ठीक ढंग से विकास हो, इसका विशेष ख्याल रखें। मंदिर के विकास कार्य में मंदिर प्रबंधन के लोगों का भी सहयोग और सुझाव लें। तालाब के जलनिकासी का कार्य यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।

मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

बाबा बह्मेश्वरनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई में ही इस मंदिर का शिलान्यास किया था। यहां पर जो काम हो रहा है उसे हमलोगों ने देखा है। यहां आने–जाने में सुविधा हो इसके लिए जो काम जरुरी है वह किया जायेगा। सभी लोगों से विचार विमर्श कर मंदिर के विस्तार को लेकर आगे भी काम किया जायेगा। मंदिर को और विकसित किया जायेगा, इससे यहां आने वाले लोगों को और सुविधा होगी। इस मंदिर में वर्ष 2005 और 2009 में भी आये थे। बाबा बह्मेश्वर नाथ की कृपा से ही हमलोग काम कर रहे हैं।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग हमलोगों की काफी पहले से है। यह हो जाता तो बहुत अच्छा होता। हमलोग तो विकास का काम कर ही रहे हैं लेकिन अगर विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो बिहार बहुत आगे बढ़ जाता।

रामचरितमानस विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गलत बात है। धार्मिक मामलों में बहस नहीं करनी चाहिए। अपने–अपने धर्मों को मानने के लिए सभी को अधिकार है। शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर के द्वारा माफी नहीं मांगने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत गलत बात है। उनकी पार्टी के लोगों ने ही सभी बातों को कह दिया है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बक्सर जिला अतिथि गृह के परिसर में प्रस्तावित अतिरिक्त अतिथि गृह भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सह बक्सर जिले के प्रभारी मंत्री मो0 आफाक आलम, विधायक श्री शंभू नाथ यादव, विधायक श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, विधायक श्री विश्वनाथ राम, विधायक श्री अजीत कुमार सिंह, विधान पार्षद श्री राधाचरण साह, पूर्व मंत्री श्री संतोष निराला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, अनुसूचित जाति अनुसूचित/जनजाति कल्याण विभाग के सचिव श्री देवेश सेहरा, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, जिलाधिकारी बक्सर श्री अमन समीर, पुलिस अधीक्षक बक्सर श्री मनीष कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******